कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानाचार्यों द्वारा अपलोड कराये गये परीक्षार्थियों के कतिपय त्रुटिपूर्ण शैक्षिक विवरणों के कारण परिषदीय परीक्षाओं के सुचारू संचालन में कठिनाई उत्पन्न होती है। अतएव इसके दृष्टिगत माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2023 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन पंजीकृत हुए समस्त संस्थागत एवं व्यक्तिगत छात्र/छात्राओं के ऑनलाइन अपलोड शैक्षिक विवरणों में यथा उनके **चयनित विषयों** अथवा उनके **सेक्स कोड** में कोई त्रुटि हो, **दिव्यांगता के कोड, उनके नाम, माता/पिता के नाम की स्पेलिंग अथवा आधार नम्बर, मोबाइल नम्बर एवं फोटो आदि में** किसी प्रकार की कोई त्रुटि हो तो इन त्रुटियों का सुधार तत्काल करा लिया जाय। त्रुटियों के सुधार हेतु परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर लिंक क्रियाशील कर दिया गया है।

अतः उक्त के आलोक में समस्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि वे वर्ष 2023 की परीक्षा हेतु पंजीकृत सभी परीक्षार्थियों के शैक्षिक विवरणों की विद्यालयीय अभिलेखानुसार तत्काल गहन जांच कर लें, और तद्नुसार उनमें उक्तानुसार कोई त्रुटि/विसंगति हो तो उसे परिषद की वेबसाइट पर दिये गये लिंक पर लॉगइन करके इन सभी त्रुटियों/विसंगतियों का **ऑनलाइन सुधार दिनांक 28–11–2022 तक अवश्य करा लिया जाय।** इस कार्य हेतु परिषद की वेबसाइट दिनांक 19–11–2022 से क्रियाशील कर दी गयी है। त्रुटियों/विसंगतियों के सुधार हेतु दिये गये इस अवसर के पश्चात् उन्हें आगे अन्य कोई अवसर नही दिया जायेगा। इसके पश्चात् भी यदि किसी परीक्षार्थी के विवरणों में कोई त्रुटि अवशेष रह जाती है, तो उसके लिए सम्बन्धित प्रधानाचार्य सीधे तौर पर उत्तरदायी माने जायेंगे।

(दिव्यकान्त शुक्ल)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्या–मा0शि0प0/सिस्टम सेल/591 दिनांकः 19/11/2022

उपर्युक्त विज्ञप्ति की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1– प्रदेश के समस्त दैनिक समाचार पत्र के सम्पादकों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि विज्ञप्ति जनहित से सम्बन्धित है। अतएव इसे अपने दैनिक समाचार पत्र के समस्त संस्करणों में प्रमुख स्थान पर निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
2– महानिदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ।
3– अनु सचिव, शिक्षा–7 अनुभाग उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
4– शिक्षा निदेशक (मा0) एवं सभापति, मा0शि0प0, शिविर कार्यलय, 18 पार्क रोड़, लखनऊ।
5– अपर शिक्षा निदेशक (पत्राचार), पत्राचार शिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
6– अपर शिक्षा निदेशक (मा0) उत्तर प्रदेश, शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज।
7– समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
8– समस्त मण्डलीय उप शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
9– अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ/बरेली/प्रयागराज/वाराणसी/गोरखपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि वे अपने स्तर से भी इसका व्यापक प्रचार प्रसार करायें।
10– समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि विज्ञप्ति का अपने जनपद मे व्यापक रूप से प्रचार/प्रसार करायें, तथा समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से इस आशय का प्रमाणपत्र भी लें कि उनके विद्यालय में वर्ष 2023 की परीक्षा हेतु पंजीकृत कक्षा–10/12 के सभी छात्र/छात्राओं के शैक्षिक विवरणों में अब कोई त्रुटि अवशेष नही है।

(दिव्यकान्त शुक्ल)
सचिव।